(ii)– A.N.N. शहर में डीडब्ल्यूडब्ल्यूटी से उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग बागवानी और किसी अन्य उद्देश्य के लिये करेगी, जिसमें ताजे पानी के बदले में इसका उपयोग किया जा सकता है।

(iii)– किसी भी निर्माण गतिविधि के परियोजना प्रस्तावक परियोजना के आसपास के क्षेत्र (01 किमी के दायरे) में उपलब्ध किसी भी उपचारित अपशिष्ट-जल का उपयोग निर्माण गतिविधियों के लिय करेंगे। केवल उपचारित अपशिष्ट जल की अपर्याप्त उपलब्धता/अनुपलब्धता के मामलों में, प्रस्तावक अन्य उपलब्ध विकल्पों का पता लगाने और इस हेतु अनुमोदन लेने के लिय ए.एन.एन. से परामर्श करेगा।

अध्याय-VII

प्रशासनिक नियंत्रण और प्रवर्तन

32– प्रशासनिक नियंत्रण और प्रवर्तन

(i)– इन नियमों के प्रशासनिक और प्रवर्तन अधिकार नगर आयुक्त या निर्दिष्ट अधिकारी के पास निहित हैं, जिन्हें विधिवत तौर पर नगर आयुक्त द्वारा प्राधिकृत किया गया है।

(ii)– डी-स्लजिंग, परिवहन या उपचार की सेवायें प्रदान करने के लिय A.N.N. समय-समय पर उपयोगकर्ता शुल्क निर्धारित और अधिसूचित कर सकती है। इसकी लागत वसूली सुनिश्चित करने के लिये, उपयोगकर्ताओं को इन सेवाओं हेतु भुगतान करना होगा।

33– निरीक्षण के लिय विशेष अधिकार

इन विनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन और प्रवर्तन के उद्देश्य से, A.N.N. के पास किसी भी समय किसी भी परिसर, परिवहन वाहनों और एफएसएसडब्ल्यू उपचार सुविधा के निरीक्षण का अधिकार होगा।

34– उल्लंघन और दण्ड

(i)– इन नियमों के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन के दोषी किसी भी व्यक्ति को इसके अनुपालन के लिय नोटिस जारी किया जायेगा।

(ii)– कोई भी व्यक्ति इन नियमों के तहत दंडात्मक प्रावधानों के लिय जिम्मेदार होगा (होगी), यदि ऐसा व्यक्ति (क) उल्लंघन करता है अथवा इन नियमों के किसी भी प्रावधान का पालन करने में विफल रहता है; (ख) इन विनियमों के तहत किसी भी अधिकार के निर्वहन अथवा किसी भी कर्तव्य के अनुपालन में उसे सौंपे गये अधिकार के तहत कार्य करने वाले A.N.N. के किसी निर्दिष्ट अधिकारी या अन्य अधिकारी के साथ बाधा, रोक या हस्तक्षेप करता है; (ग) किसी भी ओएसएस/सीवर को डी-स्लज करने के लिय हाथ से किये जाने वाले कार्य का सहारा लेता है।

(iii)– इन नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन के लिये दोषी पाये जाने वाले व्यक्ति को परिशिष्ट में इंगित राशि के साथ और सम्बन्धित कानून के तहत मुकदमा चलाकर दण्डित किया जायेगा, और साथ ही एफएसएस परिवहन वाहन, एफएसएसडब्ल्यू उपचार सुविधा या संपत्ति को जब्त किया जायेगा, जैसा भी मामला हो।

(iv)– जहां कहीं ऐसे किसी भी मामले में, जिसमें परिशिष्ट में स्पष्ट रूप से जुर्माना इंगित नहीं किया गया है, दोषी पाये गये व्यक्ति को पांच हजार भारतीय रुपये (रु. 5,000) के जुर्माने के साथ दण्डित किया जायेगा और इसके बाद निरन्तर उल्लंघन के मामले में एक हजार भारतीय रुपए (रु. 1,000) प्रति दिन की दर से एक अतिरिक्त जुर्माना राशि के साथ ऐसे जारी उल्लंघन के लिये उस अवधि हेतु दण्डित किया जायेगा।

(v)– संदेह के समाधान के लिये, एतद् द्वारा घोषित किया जाता है कि इन विनियमों में स्पष्ट तौर पर ऐसा कुछ नहीं होने के बावजूद किसी व्यक्ति को किसी भी अन्य सम्बन्धित अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने और दण्डित होने से नहीं रोका जा सकता है, जो उस समय लागू हो तथा जिन्हें ऐसे कृत्य अथवा चूक हेतु इन नियमों के तहत दण्डनीय किया गया है।

35– अपील– कोई भी व्यक्ति जो इन नियमों के तहत A.N.N. के किसी निर्दिष्ट अधिकारी के निर्णय से व्यथित हो, नगर आयुक्त को ऐसे निर्णय के विरुद्ध अपील कर सकता (सकती) है (इन विनियमों के प्रपत्र-4 में संलग्न प्रारूप में) और यदि निर्णय नगर आयुक्त द्वारा किया गया है, तो अपील उस आदेश की प्रति प्राप्त होने की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर कार्यबल को प्रस्तुत की जायेगी, जिसके विरुद्ध अपील की गई थी।

36– विवाद समाधान उपबन्ध– कोई भी विवाद, जो इन विनियमों के संचालन के सम्बन्ध में उठाया गया हो/उत्पन्न हुआ हो उनका समाधान भारतीय कानूनों के तहत सक्षम न्यायालय द्वारा किया जायेगा, और जिनका अधिकार क्षेत्र केवल अलीगढ़ शहर होगा।

37– संदर्भ दस्तावेज– नियमों के कार्यान्वयन और निष्पादन की आसानी के लिये, इन नियमों के परिशिष्ट में प्रदान किये गये मानकों, रणनीतियों, मैनुअल, दिशानिर्देशों और नीतियों की सूची को संदर्भित किया जा सकता है, क्योंकि वे समय-समय पर संशोधित किये जायेंगे।

38– **राज्य सरकार के निर्देश इन विनियमों के पूरक होंगे**– राज्य सरकार इन नियमों के प्रवर्तन व निष्पादन में कठिनाइयों को दूर करने के लिय एफएसएसडब्ल्यूएम के सम्बन्ध में निर्देश जारी कर सकता है।

परिशिष्ट-1

प्रपत्र 1: एफएसएस के संग्रहण, परिवहन और निपटान हेतु लाइसेंस के लिये आवेदन प्रपत्र

नगर निगम अलीगढ़ में मल कीचड़ एवं सेप्टेज के संग्रहण, परिवहन और निपटान हेतु

लाइसेंस के लिये आवेदन प्रपत्र

1. आवेदक का नाम (श्री/सुश्री).....

.....

2. राष्ट्रीयता: (भारतीय/अन्य).....

.....

3. पत्राचार का पता:.....

.....

4. मुख्य कार्यालय/पंजीकृत कार्यालय का पता:.....

.....

5. टेलीफोन नंबर: (कार्यालय).....(मोबाइल).....

.....

6. ईमेल आईडी.....

7. वाहन की पंजीकरण संख्या:

(i) ..... (ii) .....

(iii) ..... (iv) .....

8. वाहन फिटनेस प्रमाण-पत्र वैधता की अवधि:

(i) ..... (ii) .....

(iii) ..... (iv) .....

9. वाहन बीमा वैधता की अवधि:

(i) ..... (ii) .....

(iii) ..... (iv) .....

10. वाहन प्रदूषण प्रमाण-पत्र वैधता की अवधि:

(i) ..... (ii) .....

(iii) ..... (iv) .....

11. क्या वाहन में जीपीएस ट्रैकर संस्थापित है (हाँ/नहीं)

12. लाइसेंस के लिय प्रोसेसिंग शुल्क के भुगतान का विवरण

डी.डी. नंबर ..... दिनांक ..... बैंक .....

13. संलग्न दस्तावेजों की सूची (स्वयं-संस्थापित प्रति) (टिक करें ✓):

☐पहचान पत्र ☐पंजीकरण प्रमाण-पत्र ☐ प्रदूषण प्रमाण-पत्र ☐निवास प्रमाण-पत्र

☐स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र ☐ड्राइविंग लाइसेंस ☐ बीमा और पॉलिसी अनुसूची का प्रमाण-पत्र

पासपोर्ट साइज फोटो कर्मचारियों की सूची संलग्नों की कुल संख्या.....

मैं/हम यह प्रमाणित करता (करती) हूँ/करते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा कॉलम 1 से 13 में दी गई जानकारी मेरे/हमारे संज्ञान में सही और सत्य है। मैं यह भी प्रमाणित करता (करती) हूँ कि मैंने संलग्न नियमों और शर्तों को ठीक ढंग से पढ़ा और समझ लिया है और इनके अनुपालन के लिये मैं सहमत हूँ। मैं इस बात से सहमत हूँ कि मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाने पर किसी भी समय लाइसेंस के लिये मेरा आवेदन रद्द किया जा सकता है।

आवेदक के हस्ताक्षर
तिथि:.....

निबन्धन एवं शर्तें–

1. मल कीचड़ और सेप्टेज (एफएसएस) का संग्रहण एवं परिवहन केवल ऐसे अभिकरण द्वारा किया जायेगा जिनके पास इस उद्देश्य हेतु नगर निगम, अलीगढ (A.N.N.) से जारी किया गया वैध लाइसेंस हो।

2. मल कीचड़ और सेप्टेज उपचार संयंत्र (एफएसएसटीपी) तक एफएसएस के संग्रहण और परिवहन के लिये लिया जाने वाला शुल्क समय-समय पर A.N.N. द्वारा निर्धारित किया जायेगा। कोई भी लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर ओएसएस के मालिक/मालकिन से निर्धारित शुल्क से अधिक नहीं वसूल करेगा।

3. एफएसएस का परिवहन केवल उन अनुमोदित वाहनों से होगा, जिन्हें A.N.N. द्वारा प्राधिकृत अधिकारी ने अनुमति दी हो।

4. लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेंगे कि एफएसटीपी तक परिवहन के दौरान एफएसएस का कोई रिसाव नहीं हो रहा है।

5. डिस्लजिंग बिन्दु से एफएसएसटीपी तक एफएसएस को ले जाने वाले वाहन के चलने के दौरान किसी भी दुर्घटना के होने के कारण प्रदूषण के खतरे का ध्यान रखने के लिये निर्धारित उपकरण लगाया जायेगा।

6. एफएसएस के परिवहन के लिये उपयोग किये जाने वाले प्रत्येक वाहन में जीपीएस उपकरण लगाया जायेगा और A.N.N. द्वारा अधिसूचित एजेंसी को इसकी पहुंच/एक्सेस का अधिकार ऐसे वाहनों की निगरानी के लिये दिया जायेगा।

7. किसी भी दुर्घटना के होने अथवा आपदा की स्थिति में किसी भी व्यक्ति, वाहन, संपत्ति और पर्यावरण को होने वाले किसी भी नुकसान के लिये लाइसेंसधारी पूरी तरह से जिम्मेदार होगा।

8. एफएसएस के परिवहन के लिये उपयोग किये जाने वाले वाहन पर लाइसेंस की एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जायेगी।

9. वाहन/टैंकर को पीले रंग से रंगा जायेगा तथा लाल रंग में ''सेप्टिक टैंक वेस्ट'' ("SEPTIC TANK WASTE") (अंग्रेजी में) व ''मलकुण्ड अपशिष्ट'' (हिन्दी में) लिखकर (सावधानियों को) चिन्हित किया जायेगा।

10. लाइसेंसधारी एफएसएस को केवल निर्दिष्ट एफएसएसटीपी/नामित स्थानों में ही निपटान करेंगे।

11. एफएसएसटीपी पर एफएसएस सभी दिनों में सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक प्राप्त किया जायेगा। लाइसेंसधारी इस तरह से ट्रिप की योजना बनायेगा, ताकि तय किये गये समयावधि के भीतर टैंक को निर्दिष्ट स्थानों में खाली किया जा सके।

12. लाइसेंसधारी तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये जिम्मेदार होगा, जो किसी दुर्घटना की स्थिति में पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने के लिये उपाय करने, एफएसएस के संग्रहण, परिवहन और निपटान की प्रभावी सेवायें प्रदान करने, सुरक्षात्मक उपकरणों का उपयोग करने आदि के लिये होगा।

13. लाइसेंसधारी यह सुनिश्चित करने के लिये जिम्मेदार होगा कि प्रत्येक कर्मचारी सदस्य की प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक बार स्वास्थ्य जांच की जाती हो, और लाइसेंस के नवीनीकरण के समय ए.एन.एन को इससे सम्बन्धित रिकॉर्ड प्रस्तुत कराया जाये।एफएसएस की सफाई, परिवहन और निपटान की प्रक्रिया के दौरान किसी भी दुर्घटना के लिये तैनात कर्मचारियों का लाइसेंसधारी द्वारा बीमा किया जायेगा। इन नियमों के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा और लाइसेंसधारी की बयाना-राशि/सुरक्षा-राशि को जब्त कर लिया जायेगा, और साथ ही साथ वह इन नियमों के उल्लघं के लिये निर्धारित अर्थदण्ड का भुगतान करने के लिये भी जिम्मेदार होंगे।

परिशिष्ट-2

प्रपत्र 2: एफएसएस के संग्रहण, परिवहन और निपटान हेतु लाइसेंस प्रदान करने हेतु

नगर निगम अलीगढ़ में मल कीचड़ एवं सेप्टेज के संग्रहण, परिवहन और निपटान हेतु लाइसेंस



नियमों/विनियमों, नगर निगम अधिनियम नियमों के सभी निबन्धनों व शर्तों के क्रम में यह लाइसेंस और उत्तर प्रदेश सरकार के नियमों और कानूनों को लागू करने के विशेष लाइसेंस शर्तों के अधीन एतद्द्वारा अनुमति दी गई है :

1. आवेदक (श्री/सुश्री) का नाम.....
.....
.....

2. मुख्य कार्यालय/पंजीकृत कार्यालय का पता:.....
.....
.....

अलीगढ़ नगर निगम में ऑनसाइट कनटेन्टमेन्ट से मल कीचड़ एवं सेप्टेज के संग्रहण, परिवहन एवं निपटान के लिये।

यह लाइसेंस एफएसएस संग्रहण, परिवहन और निपटान लाइसेंस आवेदन फॉर्म में दी गई जानकारी पर आधारित है। यह लाइसेंस इसके जारी होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिये प्रभावी है, जो नीचे निर्धारित है।

3. लाइसेंस नंबर : .....

4. प्रभावी तिथि : .....

5. समाप्ति तिथि : .....

गैर-अनुपालन के मामले में लाइसेंस रद्द या निरस्त किया जा सकता है और यह हस्तान्तरणीय नहीं है। लाइसेंसधारी के कार्यालय में मूल लाइसेंस की प्रति फाइल में रखी जायेगी। इस लाइसेंस की एक प्रति लाइसेंसधारक द्वारा उपयोग किये गये प्रत्येक पंजीकृत वाहन में प्रदर्शित की जानी चाहिये।

6. हस्ताक्षर:

एम्पटीयर/ऑपरेटर/मालिक

नगर आयुक्त

नगर निगम अलीगढ़

परिशिष्ट-3

सुरक्षात्मक गियर और सुरक्षा उपकरणों की सूची

1. कार्यस्थल पर निम्नलिखित सुरक्षात्मक गियर तथा सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे–

2. शारीरिक सुरक्षा परिधान, जो मुख्य रूप से पॉलियस्टर से बने होते हैं, जो प्रतिबिम्बित होते और रासायनिक स्प्लैश प्रतिरोध प्रदान करते हैं

3. सेफ्टी बॉडी हार्नेस/सेफ्टी बेल्ट

4. सर्जिकल फेस मास्क/रेस्पिरेटर्स, जो धूल, धुयें, धुंध, माइक्रोआर्गेनिज्म से सुरक्षा प्रदान करते हैं

5. सेफ्टी टॉर्च

6. भारी रसायन प्रतिरोध हाथ के दस्ताने, जो ब्यूटाइल से बने होते हैं और यांत्रिक सुरक्षा और खतरनाक सामग्री के छलकाव से सुरक्षा देने के लिये अतिरिक्त तौर पर फायदेमंद होते हैं

7. सेफ्टी गॉगल्स (सुरक्षात्मक चश्में) जिनमें रासायनिक छींटे झेलने की क्षमता के साथ संक्रामक पदार्थों को आंखों तक पहुंचने से बचाने की क्षमता होती है।

8. सेफ्टी हेलमेट (कॉर्डेड) जिसमें एक टार्च लगी होती है और जो कम प्रकाशित स्थानों में कार्य करने में सहायक हो।

9. पुनः उपयोग किया जाने वाला इयरप्लग, जो प्रमुख तौर पर एक लचीली पट्टी से जुड़े होते हैं, जिसे जरूरत न होने पर गर्दन पर पहना जा सकता है। ये सिलिकॉन से बने होते हैं और ये वैक्यूम टैंकरों के ऑपरेशन के दौरान सहायक होते हैं, जहाँ औसत ध्वनि स्तर 85 कंठ से अधिक होती है

10. एमर्जेंसी मेडिकल ऑक्सिजन रिससकिटेटर किट

11. गैस मॉनिटर

12. हैण्ड लैम्प

13. गाइड पाइप सेट

14. सुरक्षा ट्राईपॉड सेट

15. वेडर बूट्स

16. एयर कंप्रेसर और ब्लोअर

17. मॉडयूलर आपूर्ति ट्रॉली सिस्टम

18. रेनकोट

19.

परिशिष्ट-4

प्रपत्र 3: एफएसएस के संग्रहण, परिवहन और निपटान का रिकॉर्ड

नगर निगम अलीगढ़ में मल कीचड़ एवं सेप्टेज के संग्रहण, परिवहन और निपटान हेतु रिकॉर्ड

के रख-रखाव का प्रपत्र

तिथि ..... समयः.....

i. ऑनसाइट सिस्टम के मालिक/मालकिन का विवरण

1. नामः.....

2. पताः.....

3. टेलीफोन नंबरः.....

4. स्थापना का प्रकारः.....

ii. नियंत्रण

1. निर्माण का वर्षः..... 2. पिछली डिस्लजिंगः (तिथि/माह/वर्ष).....

3. मौजूदा आउटलेट (हाँ/नहीं)..... 4. यदि हों तो कहाँ से जुड़ा हुआः.....

5. कनटेन्टमेन्ट का आकारः.....

6. लाइनिंग (हाँ/नहीं): दीवारें..... तल.....

7. कक्षों की संख्याः.....8. प्रत्येक बाधिक दीवार में आउटलेट की संख्याः.....

9. माप (फीट) लम्बाई ..... चौड़ाई..... गहराई.....

व्यास ..... गहराई.....

iii. डि-स्लजिंग

1. एफएसएस की मात्रा (घन मीटर)..... 2. डि-स्लजिंग में समय (घंटे).....

3. यात्रा की लम्बाई (किमी)..... 4. आवागमन में समय (घंटे).....

iv. डी-स्लजिग सेवा प्रदाता का विवरण

1. ऑपरेटर का नाम.....

2- वाहन पंजीकरण संख्या ..... 3. ए.एन.एम. लाइसेंस नं.....

v. हस्ताक्षर

ड्यूटी पर एम्पटीयर एम्पटीयर/ऑपरेटर/मालिक ओएसएस मालिक

vi. डिकैटिंग (निथारना)

1. समय (घंटे/माह) ..... 2. एफएसएस की मात्रा (घन मीटर).....

3. एम्पीयर कर्मचारियों का नाम.....

4. एफएमएमटीपी ऑपरेटर का नाम.....

vii. हस्ताक्षर

ड्यूटी पर एम्पटीयर स्टाफ एम्पटीयर/ऑपरेटर/मालिक एफएमएमटीपी ऑपरेटर

परिशिष्ट-5

दण्ड, जुर्माना और शुल्क–

(इस विनियम के खण्ड 3, 4, 5, 6, 9, 10, 14, 17, 18, 25, 26 और 31 देखें)

क्रम सं0			सांकेतिक जुर्माना	जुर्माना (रुपये या किसी अन्य)
1	2	3	4	5
			रुपये–	
1.1	नाली/सड़क/खुले क्षेत्र में अपषिष्ट जल का सीधे	3	100	
1.2	लगातार दूसरी बार उल्लंघन करना	3	100	
1.3	लगातार तीसरी बार और अनुवर्ती उल्लंघन करना	3	50 प्रति दिन	संपत्ति की जब्ती
2.1	ओएसएस का अवैज्ञानिक डिजाइन और निर्माण	4	100	
2.2	लगातार दूसरी बार उल्लंघन करना	4	100	
2.3	लगातार तीसरी बार और अनुवर्ती उल्लंघन करना	4	50 प्रति दिन	संपत्ति की जब्ती
3.1	ए.एन.एन. पंजीकरण के बिना वैक्यूम टैंकरों को ऑपरेट करना	5	2,500	
3.2	लगातार दूसरी बार उल्लंघन करना	5	3,000 प्रति दिन	
3.3	लगातार तीसरी बार और अनुवर्ती उल्लंघन करना	5	5,000 प्रति दिन	वाहन की जब्ती
4.1	यातायात नियमों में अनुशंसित वैध प्रमाणीकरणों के बिना वैक्यूम टैंकरों को ऑपरेट करना	6	500	
4.2	लगातार दूसरी बार उल्लंघन करना	6	500	
4.3	लगातार तीसरी बार और अनुवर्ती उल्लंघन करना	6	500 प्रति दिन	वाहन की जब्ती
5.1	आकस्मिक छलकाव (स्पिलेज) पर ध्यान न देने पर गैर-अनुपालन	17, 18	1,000	
5.2	लगातार दूसरी बार उल्लंघन करना	17, 18	1,000	
5.3	लगातार तीसरी बार और अनुवर्ती उल्लंघन करना	17, 18	100 प्रति दिन	वाहन की जब्ती
6.1	एफएसएसटीपी/एसटीपी से अनुपचारित एफएसएसडब्लू का निर्वहन	25, 26	10,000	
6.2	लगातार दूसरी बार उल्लंघन करना	25, 26	10,000	
6.3	लगातार तीसरी बार और अनुवर्ती उल्लंघन करना	25, 26	1,000 प्रति दिन	संपत्ति की जब्ती

1	2	3	4	5
			रुपये–	
7.1	द्वारा अधिसूचित स्थान के अलांवा अनुपचारित	25, 26	10,000	
7.2	लगातार दूसरी बार उल्लंघन करना	25, 26	10,000	
7.3	लगातार तीसरी बार और अनुवर्ती उल्लंघन करना	25, 26	1,000 प्रति दिन	
8.1	एफ.एस.एस. के डी-स्लजिंग हेतु लाईसेन्स शुल्क	8	5,000	
8.2	एफ.एस.एस. के डी-स्लजिंग हेतु लाईसेन्स का नवीनीकरण	9	2,000	
8.3	एफ.एस.एस. के डी-स्जलिंग हेतु परफारमेन्स गारन्टी	10	1,000	
9.1	एफ.एस.एस. के डी-स्जलिंग एवं परिवहन हेतु शुल्क	14	100 प्रति 4000 लीटर के लिये	

दण्ड, जुर्माना नहीं चुकाये जाने की दशा में उ0प्र0 नगर निगम अधिनियम, 1959 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत बाकीदार की सम्पत्ति की कुर्की और बिक्री द्वारा वसूली की जायेगी।

परिशिष्ट-6

प्रपत्र 4: अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने वाले अपील ज्ञापन

अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने वाले अपील ज्ञापन का प्रपत्र

*अपीलीय प्राधिकारी का नामः

.....(पदनाम)

1. अपीलकर्ता का पूरा नामः.....

2. अपीलकर्ता का पताः.....

3. नगर निगम अधिकारी का विवरण जिसके आदेश के विरूद्ध अपील जारी की है

नामः.....पदनामः.....

4. आदेश प्राप्त होने की तिथि जिसके विरूद्ध अपील की जा रही हैः.....

5. अपील दर्ज करने की तिथिः.....

6. सूचना का विवरण

क. संक्षिप्त में अपील का विषय (आदेश की प्रति संलग्न करें)

.....

.....

ख. अपील का आधार (विवरण, यदि कोई हो तो अलग शीट में संलग्न किया जाये)

.....

.....

सत्यापन

मैं.....(आवेदक का नाम), श्री.....यह घोषणा करता/करती हूँ कि अपील में प्रदान की गई जानकारी मेरे संज्ञान और विश्वास में सही और सत्य हैं और यह कि मेरे द्वारा किसी भी तथ्यगत जानकारी को छुपाया नहीं गया है।

स्थानः.....

संलग्नक के रूप में प्रस्तुत दस्तावेजों की

सूची

अपीलकर्ता के हस्ताक्षर

तिथि.....

1.

2.

..... यहाँ से फाडें .....

पावती

सं..... तिथि .....

.....से संलग्नक के साथ अपील का ज्ञापन प्राप्त किया

स्थान..... तिथि .....

अधिकृत अधिकारी की मुहर और हस्ताक्षर अलीगढ़ नगर

निगम के आदेश द्वारा

नगर आयुक्त के हस्ताक्षर

अलीगढ़ नगर निगम

परिशिष्ट-7

संदर्भ दस्तावेज

(खण्ड 37 देखें)

यूएलबी के मार्गदर्शन के लिये निम्नलिखित दस्तावेजों का

नवीनतम संस्करणः

1– एडवाइजरी नोटः शहरी भारत में सेप्टेज प्रबन्धन 2013, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार।

Advisory Note: Septage Management in Urban India, 2013, Ministry of Urban Development, Government of India.

2– नगर स्वच्छता योजना, 2019, नगर निगम अलीगढ़, उत्तर प्रदेश।

City National Plan, 2019 Nagar Nigam, Aligarh, Uttar Pradesh.

3– उत्तर प्रदेश में मल कीचड़ और सेप्टेज प्रबंधन के लिय दिशानिर्देश, 2018, सेंटर फॉर साइंस एण्ड एनवायरमेंट, नई दिल्ली।

Draft Guidelines for Faecal Sludge and Septage Management in Uttar Pradesh, 2018, Centre for Science and Environment, New Delhi.

4– मल, कीचड़, सेप्टेज एवं अपषिष्ट, जल के एकीकृत प्रबन्ध की रणनीति सह दिशा निर्देश 2019 नगर निगम अलीगढ़ उत्तर प्रदेश।

Integrated Faecal Sludge, Septage and Waste Water, Management of Strategy cum Guideline, 2019, Nagar Nigam Aligarh, Uttar Pradesh.

5– आईएसः 2470-1985, सेप्टिक टैंक की स्थापना एवं सेप्टिक टैंक के निपटान के लिय भारतीय मानक संहिता अभ्यास, भारतीय मानक ब्यूरो,

(क)– (भाग I) डिजाइन मानदण्ड और निर्माण

(ख)– (भाग II) द्वितीय उपचार एवं सेप्टिक टैंक बहिःस्राव का निपटान

IS: 2470-1985, Indian Standard Code of Practice for Installation of Septic Tanks and Disposal of Septic Tank Effluent, Bureau of Indian Standards,

(a)– (Part I) Design Criteria and Construction

(b)– (Part II) Secondary Treatment and Disposal of Septic Tank Effluent.

6– मैनुअल ऑन सीवरेज और सीवेज ट्रीटमेंट सिस्टम, 2013, सेंट्रल पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग एण्ड एनवायरनमेंटल ऑर्गेनाइजेशन, भारत सरकार।

Manual on Sewerage and Sewage Treatment Systems, 2013, Central Public Health Engineering and Environmental Organization, Government of India.

7– मीनू ऑन उन एण्ड नेटवर्क्ड टेक्नोलॉजीस 2019 सेंटर फॉर साईंस एण्ड एनवायरमेंट नई दिल्ली।

Menu on Un & Networked Technologies, 2019, Centre for Science and Environment, New Delhi. [Available at: https://www-cseindia-org/mount/home]

8– मल कीचड़ और सेप्टेज प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति, 2017, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।

National Policy on Faecal Sludge and Septage Management, 2017, Ministry of Housing and Urban Affairs, Government of India-

9– राष्ट्रीय शहरी स्वच्छता नीति, 2008, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार।

National Urban Sanitation Policy, 2008, Ministry of Urban Development, Government of India.

10– सेप्टेज प्रबन्धनः प्रैक्टिशनर गाइड, 2017, सेंटर फॉर साइंस एण्ड एनवायरमेंट।

Septage Management: A Practitioner's Guide, 2017, Centre for Science and Environment.

11– सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई की मानक संचालन प्रक्रिया, 2018, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

Standard Operating Procedure for Cleaning of Sewers and Septic Tanks, 2018, Ministry of Housing and Urban Affairs] Government of India

12– टेक्निकल नोट ऑन शैलो एण्ड डीप ट्रैंचेस फॉर फीकल स्लज/सेप्टेज 2019, वॉटर, सैनिटेशन एण्ड हाइजीन इंस्टिट्यूट,नई दिल्ली।

Technical Note on Shallow and Deep Trenches for Faecal Sludge / Septage, 2019, Water, Sanitation and Hygiene Institute, New Delhi.

13– दि प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एज मैन्युअल स्कवेंजर्स एण्ड डेयर रिहैबिलिटेशन एक्ट 2013 मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एण्ड जस्टिस, भारत सरकार।

The Prohibition of Employment as Manual Scavengers and Their Rehabilitation Act, 2013, Ministry of Law and Justice, Government of India.

प्रेम प्रकाश मीणा,
नगर आयुक्त,
नगर निगम अलीगढ़।

कार्यालय, नगर पंचायत, पाकबडा मुरादाबाद

04 अगस्त, 2025 ई0

सं0 193/न0पं0पा0/2025-26–कार्यालय नगर पंचायत पाकबडा के पत्र सं0-41/न0पं0पा0/2025-26–उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत पाकबडा द्वारा मच्छरजनक स्थितियां (संचारी रोग) पैदा करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही उपविधि-2025 प्रस्तावित करते हुये उपरोक्त नियमावली धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के अन्दर प्राप्त करा सकता है। तत्क्रम में नगर पंचायत पाकबडा द्वारा बोर्ड बैठक दिनांक 28 मई, 2025 द्वारा प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया, तत्क्रम में दैनिक समाचार पत्र दैनिक आज मे दिनांक 08 जुलाई, 2025 एवं दैनिक शाह टाइम्स दिनांक 08 जुलाई, 2025 को प्रकाशित कराकर 15 दिवस के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव आमांत्रित किया गया। निर्धारित समयवाधि 15 दिवस के अन्दर कोई भी आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुआ। बोर्ड बैठक दिनांक 28 मई, 2025 के द्वारा उपरोक्त उपविधि को उसी रूप में सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। निम्नवत् उपविधि को गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जायेगा।

मच्छरजनक स्थितियां (संचारी रोग) पैदा करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही उपविधि-2023

1– शीर्षक प्रसार और विस्तार–

(1) यह उपविधि नगर पंचायत पाकबडा, मुरादाबाद मच्छरजनक स्थितियां (संचारी रोग) पैदा करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही उपविधि-2023 कहलायेगी।

(2) यह नगर पंचायत पाकबडा, मुरादाबाद की सीमा में प्रवृत्त होगी।

(3) यह गजट में प्रकाशन की दिनांक से प्रभावी मानी जावेगी।

2– परिभाषायें–

(1) जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस उपविधि में .....

(क) "अध्यक्ष" से तात्पर्य–नगर पंचायत पाकबडा, मुरादाबाद के अध्यक्ष/प्रशासक से है।

(ख) "अधिशासी अधिकारी" से तात्पर्य–नगर पंचायत पाकबडा, मुरादाबाद के अधिशासी अधिकारी से है।

(ग) पर्यवेक्षण अधिकारी से तात्पर्य–अधिशासी अधिकारी अथवा नगर पंचायत पाकबडा, मुरादाबाद के द्वारा अधिकृत कर्मचारी/अधिकारी से है जो इस उपविधि के अन्तर्गत की जाने वाली कार्यवाही हेतु नगर पंचायत पाकबडा जनपद मुरादाबाद द्वारा अधिकृत किया जायेगा।

3– प्रतिशेध–कोई भी व्यक्ति अपने क्षेत्र में–

(1)– पानी को ऐसे जमा नहीं होने देगा कि जिसमें मच्छर अपना प्रजनन (ब्रीडिंग) कर सके या उनके उसमें प्रजनन करने की सम्भावना हो।

(2)– इस क्षेत्र में न तो खुद पानी जमा होने देगा और न दूसरे को ऐसा करने की इजाजत या अनुमति देगा और न किसी प्रकार से पानी को वहां जमा या संचित होने देगा जिसमे मच्छर पैदा होते हो या पैदा होने की संभावना हो। ऐसा वह उसी हालत में होने देगा जब उस पानी का इस प्रकार उपचार (ट्रीटमेन्ट) हो गया हो कि उसमें मच्छर पैदा ही न हो पायें।

4– प्रजनन अभिज्ञापन– किसी भी स्थिर पानी या बहते पानी के जल निकास (वाटर बाडी) में यदि लार्वे पाये जाये तो इस बात के प्रमाण होगें की उस पानी में मच्छरों की ब्रीडिंग हो रही है।

5– मच्छरों के प्रजनन (ब्रीडिंग प्लेसज) का कीटनाशी उपचार–

(1)– पर्यवेक्षण अधिकारी जिन रूके हुये या बहते हुये पानी के स्थानी में मच्छर पनप रहे हो, या उनके पनपने की संभावना उन सभी के स्वामियों (ओनरों) अधिग्राहियों (ऑक्यूपेन्ट्स) को लिखित नोटिस द्वारा सूचित करके निर्दिष्ट समय में जो चौबीस घंटो से कम नहीं) भौतिक रसायनिक अथवा जैविक किसी भी विधि से या अन्य किसी ऐसे उपयुक्त उपाय से जिसे पर्यवेक्षण अधिकारी उचित समझते हों उन प्रजनन स्थलों को उपचारिता (ट्रीट) करवायेगा।

(2)– यदि उपविधि (1) के अन्तर्गत अधिग्राही (आक्यूपायर, किरायेदार, लीज आदि पर आवास लेने वाले) को जो नोटिस दिया जाता है और इसके अनुपालन में कोई कार्य व्यक्त (एक्सप्रेस्ड) या व्यक्ति नियुक्त (इप्लाइड) नहीं हुआ है तो सम्पत्ति मालिक से नगर पंचायत द्वारा नोटिस में बताये गये उपायों पर खर्च की गयी उचित धनराशि मांग सकता है अथवा उस किराये में काट सकता है तो उसे मकान मालिक को देना है।

6– व्यक्तिक्रम अथवा चक्र पर कार्यवाही– यह उपविधि 5(1) के अन्तर्गत यह व्यक्ति जिस पर नोटिस जारी किया गया है बताये गये उपाय करने से इन्कार कर लेता है या नोटिस में विहित उपचार निर्दिष्ट समय में नहीं करवा सकता है और अधिशासी अधिकारी इसका खर्चा जैसी भी स्थिति हो मकान मालिक अथवा किरायेदार से वसूली कर सकता है मानों वह सम्पत्ति कर का बकाया हो।

7– मच्छर रोधी संरचनाओं की सुरक्षा– किसी भी जमीन पर या भवन में मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिये सरकार ने स्थानीय प्राधिकरण या सरकारी निर्देश अधिग्राही (ऑक्यूपायर) ने यदि कोई निर्माण करवाया है तो अधिशासी अधिकारी/पर्यवेक्षण अधिकारी उस जमीन या भवन का उपयोग किसी ऐसे काम के लिये रोक सकता है जो कि मच्छर–रोधी इन संरचनाओं की नुकसान पहुंचाने या कार्य कुशलता में गिरावट लाये।

8– मच्छर निवारण–नियंत्रण कार्य में दखलन्दाजी या हस्ताक्षेप पर रोक–अधिशासी अधिकारी/पर्यवेक्षण अधिकारी के अनुमति बिना कोई भी व्यक्ति किसी भी निर्मित संरचना या सामग्री या वस्तु से उस जो स्थान पर या उस भवन में मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के लिये अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी के आदेश से बनी हो या रखी हो किसी भी प्रकार की छेड़–छाड़ नहीं करेगा न उसे बिगाड़ेगा न नष्ट करेगा और न बेकार करेगा। यदि किसी व्यक्ति

द्वारा इस उपविधि का उल्लंघन किया जाता है तो अधिशासी अधिकारी रचना को बनवायेगा या उस सामग्री के स्थान पर नई सामग्री रखेगा और उसका खर्चा उस व्यक्ति से वसूल करेगा मानो वह समपत्ति कर का बकाया हो।

9– घर के पात्र या बर्तन– घर, भवन, शेड (सायवान) या जमीन का मालिक या किरायेदार वहां पर कोई बोतल, बर्तन, बाल्टी, डिब्बा या अन्य सामान साबूत या टूटा हुआ, इस तरह से नही रखेगा कि उसमें पानी जमा होने की संभावना हो या पानी भरा रहें, जिसमें मच्छर पैदा हों।

10– निर्माण कार्य जैसे सड़क निर्माण करने, रेलवे लाइन डालने, घाट बनाने के समय जमीन में खोदे गये गड्ढे (बोरो पिट) इस प्रकार होंगे कि उनमें पानी न भरा रहे। जहां भी सम्भव और व्यवहार्य हो इन बोरपिटों के किनारे को साफ रखा जाये। एक (01) प्रतिशत का अतिरिक्त खर्चा इस काम के लिये किया जाये। बोरोपिट के तले में इस प्रकार का ढाल और रूप दिये जाये नालियों से पानी एक बोरोपिट से निकलकर दूसरे में चला जायें और आखिर मे सबसे समीप नाले में मिल जाये। कोई व्यक्ति अलग से कोई बोर पिट ना बनवायेगा। जिसमें पानी जमा हो और मच्छर पैदा हो।

यदि मच्छरों की रोकथाम की किसी योजना का कार्यान्वित करने के सम्बन्ध में किसी प्रकार का विवाद या मतभेद या इन उपबन्धों के अन्तर्गत कोई ऐसा निर्माण कार्य हो, जिसमें भारत सरकार एवं राज्य सरकार भी उलझी हो, तो मामले में भारत सरकार का फैसला अन्तिम होगा।

11– स्वास्थ्य कर्मचारियों के परिसर (प्रेमिसेज) में प्रवेश करने और निरीक्षण करने का अधिकार– इन उपनियमों के प्रवर्तन हेतु अधिशासी अधिकारी या पर्यवेक्षण अधिकारी अथवा इस कार्य हेतु नामित अन्य अधिकारी उचित समय पर लिखित नोटिस या सूचना देने के बाद विवेक सम्मत समय पर घरों में प्रवेश कर सकेंगा। वह अपने क्षेत्राधिकार की किसी जमीन या भवन में प्रवेश कर सकेगा और इस जमीन अथवा भवन का मालिक या किरायेदार जैसा भी हो, प्रवेश और निरीक्षण में अपनी पूरी सहायता देगा और वह सभी जानकारी देगा जिसकी मलेरिया/संचारी रोग नियंत्रण कार्य में जरूरत है।

शास्ति

उत्तर प्रदेश नगर पंचायत पाकबडा, मुरादाबाद अधिनियम, 1916 (अधिनियम संख्या-2 सन् 1916) की धारा 299 द्वारा शक्ति के अधीन नगर पंचायत पाकबडा, मुरादाबाद यह निर्देश देती है कि इस उपविधि के प्राविधान के उल्लंघन पर रु0 1,000.00 तक जुर्माना किया जा सकेगा और अपराध जारी रहने पर प्रथम दोष सिद्ध होने के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिसमें अवहेलना जारी रखी गयी हों 50.00 रुपये तक हो सकता है। अर्थदण्ड की धनराशि न भुगतान करने पर कारावास से दण्डित होगा, जो 06 माह तक हो सकता है।

मौ0 याकूब,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत पाकबडा,
जनपद मुरादाबाद।

कार्यालय, नगर पंचायत डेरवा बाजार, जनपद-प्रतापगढ़

15 अक्टूबर, 2025 ई0

सं0 335/न0प0डे0बा0/2025-26–नगर पंचायत डेरवा बाजार, जनपद प्रतापगढ़ में उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-298 (2) के शीर्षक (ए)(बी)(सी) तथा जे0डी0 एवं धारा-212क के अधीन अधिकारों का प्रयोग करके अपनी सीमा के बाहर 5 किलोमीटर की परिधि में भवन निर्माण उपविधि बनाई है। जिसका नगर पंचायत डेरवा बाजार बोर्ड प्रस्ताव संख्या-06 दिनांक 12 अगस्त, 2024 द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया है जिसे दैनिक समाचार-पत्र ''दैनिक जागरण'' के पेज-10 पर दिनांक 19 जनवरी, 2025 दिन रविवार एवं ''लोक मित्र'' के पेज-7 पर दिनांक 18 जनवरी, 2025 दिन शनिवार को इस कार्यालय के पत्र संख्या-473/न0पं0डे0बा0/2024-25 दिनांक 17 जनवरी, 2025 द्वारा नगर सीमा क्षेत्रान्तर्गत आम जनमानस से आपत्तियां एवं सुझाव मांगे जाने हेतु प्रकाशित कराया गया। निर्धारित अवधि प्रकाशन की तिथि से 21 दिन के अन्दर कोई आपत्ति एवं सुझाव इस कार्यालय को प्राप्त नहीं

हुये तद्उपरान्त उपरोक्त विज्ञप्ति का पुनः प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र ''दैनिक जागरण'' के पेज-12 पर दिनांक 06 मार्च, 2025 दिन वृहस्पतिवार एवं ''लोक मित्र'' के पेज-7 पर दिनांक 05 मार्च, 2025 दिन बुधवार को इस कार्यालय के पत्र संख्या-585/न0पं0डे0बा0/2024-25 दिनांक 04 मार्च, 2025 द्वारा अन्तिम प्रकाशन के आलोक्य में तैयार उपरोक्त उपविधि दर या अन्य सम्बन्ध में सम्बन्धित व्यक्ति अपनी आपत्ति सुझाव नगर पंचायत डेरवा बाजार के कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हेतु प्रकाशन की तिथि से 21 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

अतः बोर्ड प्रस्ताव संख्या-43 दिनांक 18 सितम्बर, 2025 के द्वारा सर्व सम्मति से उपविधि को उसी रूप में स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है, जो गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

1– **संक्षिप्त नाम व विस्तार–**

(1) यह उपविधि भवन एवं प्रोजेक्शन उपविधि, 2025 नगर पंचायत डेरवा बाजार, जनपद प्रतापगढ़ कहलायेगी।

(2) यह उपविधि उ0प्र0 सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी।

(1) ''भवन निर्माण'' से तात्पर्य नगर पंचायत की सीमा के अन्दर होने वाले किसी भी भवन के नये निर्माण, पुनर्निमाण वर्तमान भवन में परिवर्तन आदि से है तथा नगर पंचायत की सीमा के 5 कि0मी0 बाहर तक लागू रहेगी।

(2) ''प्रोजेक्शन'' से तात्पर्य नगर पंचायत की सीमा के अन्दर सार्वजानिक एवं सरकारी सड़क या नाली के ऊपर छज्जा या चबूतरा आदि के निर्माण से है।

(3) ''अधिशासी अधिकारी'' से तात्पर्य नगर पंचायत में नियुक्त अधिशासी अधिकारी से है।

3– (1) नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार के किसी भवन या उसके किसी स्थान में निर्माण, पुर्निर्माण या उसमें सारवान परिवर्तन अथवा बड़ा करने के अभिप्राय से अथवा छज्जा या चबूतरा बनाने के अभिप्राय से व कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व आवेदक को धारा-178(1) के अन्तर्गत नगर पंचायत को नोटिस देना होगा–

[क] प्रार्थी को स्वीकृति चाहने हेतु एक प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करना होगा जो कि रु0 10.00 के कोर्ट फीस स्टाम्प पेपर पर होगा।

[ख] इस प्रार्थना-पत्र के साथ प्रार्थी को दो मानचित्र प्रस्तुत करने होंगे। इन मानचित्रों में प्रस्तावित मकान का पूर्ण विवरण दिया जावेगा तथा यह भी दर्षाया जावेगा। कि बनाने से पूर्व भूमि की क्या दषा है और भूमि का कितना क्षेत्रफल है।

[ग] प्रार्थी इन मानचित्र के साथ एक प्रमाण-पत्र इस आशय का प्रस्तुत करेगा कि यह भूमि जहॉ निर्माण कार्य करना चहता है उसकी अपनी है, उसका ब्यौरा प्रस्तुत करेगा।

[घ] प्रार्थना-पत्र में निर्माण का विवरण देते हुये वह स्पष्ट करेगा कि वह मरम्मत या फेरवदल या ऊपरी भाग का पूर्ण नवनिर्माण करना चाहता है।

[च] जिस आर्किटेक्ट से नक्शा बनवायेगा, उसी से उस भवन का अनुमानित लागत का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करेगा।

[छ] नक्शा ग्राफ पेपर या ब्लू प्रिन्ट होंगे और दूसरा नक्शा जो नगर पंचायत डेरवा बाजार में रखा जायेगा, वह क्लाथ पेपर पर होगा। अन्य दस्तावेज जैसा पालिका अपेक्षा करें, जमा किया जायेगा।

(2) धारा 3(1) के अन्तर्गत दिये गये नोटिस के साथ नगर पंचायत के अवशेष करो एवं निश्चित किया गया शुल्क की रसीद लगाना अनिवार्य है इसके बिना नोटिस वैद्य नही होगा।

(3) भवन के निर्माण के लिए स्वीकृत जारी न किये जाने की दशा में अदा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

(4) नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार के अन्दर किसी भवन का निर्माण, पुनर्निर्माण या किसी भवन में या उसके किसी भाग में परिवर्तन या बढाने या प्रोजेक्शन के नोटिस के साथ मानचित्र या सूचनायें दो प्रतियों में दी जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सार्वजनिक सड़कों तथा गलियों के सहनिकट दरवाजा या खिड़की खोलने के लिए मानचित्र की आवष्यकता नहीं है।

(5) प्रार्थना-पत्र के साथ प्रस्तावित स्थान का मानचित्र एक मीटर बराबर एक सेंटीमीटर के पैमाने से कम नहीं खींचा जायेगा और उसमें निम्नलिखित दर्शाया जायेगा।

[क] स्थल की सीमायें और उनकी माप सीमावर्ती भूमि जो उसके स्वामी की है।

[ख] भवन के सहनिकट की गलियों की चौडाई मौहल्लों का नाम, भवन की सीमायें प्रदर्शित होगी।

[ग] हर मंजिल का नक्शा शहर के सहनिकट खुलने वाले दरवारे तथा खिड़कियों आदि की स्थिति।

[घ] नक्शों में नवीन निर्माण जिसके लिए प्रार्थना-पत्र दिया गया है लाल रंग से तथा पुराने भवन नीले रंग से दिखाया जायेगा।

[च] भवन के पास सरकारी बिजली की लाइन की क्षैतिज दूरी स्पष्ट रूप से मानचित्र पर अंकित की जायेगी।

4– निर्माण की स्वीकृति धारा-180 के अन्तर्गत की जायेगी। प्रत्येक स्वीकृति छः माह तक वैद्य होगी। किन्तु प्रार्थी द्वारा समय बढाने के प्रार्थना-पत्र पर मूल स्वीकृति से दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

5– यदि निर्माण की स्वीकृति दी जाने के उपरान्त नगर पंचायत की किसी समय यह संतुष्टि हो जाये कि किसी गलत सूचना के आधार पर अनुमति ली गई है तो नगर पंचायत अनुमति रद्द कर सकती है। इस प्रकार की अनुमति के अन्तर्गत किया गया कोई कार्य बिना अनुमति किया माना जायेगा।

6– अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी तथा इनके द्वारा अधिकृत सदस्य या कर्मचारी किसी भी समय स्वीकृति चाहने वाले कार्यों का निरीक्षण कर सकता है।

7– भवन निर्माण हेतु दी गई स्वीकृति का प्रभाव धारा-184 के अनुसार होगी।

8– चलचित्र भवन बनाने की अनुमति जिलामजिस्ट्रेट द्वारा दी गई अनुमति के पश्चात प्रदान की जायेगी।

9– भवन निर्माण हेतु नक्षे में प्रोजेक्शन एवं चबूतरे का विवरण स्पष्ट अंकित किया जायेगा। प्रोजेक्शन की स्वीकृति निम्न प्रतिबन्धों के साथ दी जायेगी।

(1) भवन के ऊपरी मंजिल से बालकनी, बरामदा, छज्जा या अन्य प्रक्षेप ऐसी सड़क के ऊपर नहीं बनाया जायेगा जिसकी चौड़ाई 12 फिट से कम हो।

(2) किसी भी प्रक्षेप की चौडाई 3 फिट से अधिक नहीं होगी किन्तु सड़क के धरातलसे प्रक्षेप की ऊचाई 12 फिट से कम नहीं होगी।

(3) यदि प्रस्तावित प्रक्षेप से बिजली की लाइन तक पहुॅच सकना सम्भव होगा तो प्रक्षेप की अनुमति न दी जायेगी। जब तक बिजली की लाइन में परिवर्तन न हो जाय।

(4) प्रत्येक प्रक्षेप के लिए शुल्क अलग-अलग लिया जायेगा। यदि एक ही भवन में दो या अधिक मंजिलों पर प्रक्षेप बनते हैं तो शुल्क अलग-अलग लिया जायेगा।

10– अधिनियम की धारा 186 के अन्तर्गत निर्माण को रोकने तथा निर्माण किये गये भवन को गिराने का अधिकार इन उपविधियों में किसी बात के होते हुए भी होगा।

(1) इन उपविधियों की किसी बात से यह न समझा जायेगा कि वह सब सड़कों व नलियों के ऊपर अतिक्रमण तथा प्रक्षेपों को हटाने के लिए नगरपालिका अधिनियम की धारा-211 के द्वारा नगर पंचायत को प्रदत्त किसी अधिकार को कम करती है, भले ही ऐसे अतिक्रमण तथा प्रक्षेपों के लिए स्वीकृति दे दी हो।

11– प्रस्तुत मानचित्र पर अधिशासी अधिकारी द्वारा धारा-180 एवं धारा 298 शीर्षक 'क' के उप शीर्षक (ज) में निहित प्रावधानों के सम्बन्ध में एवं निर्माण की रीति अभीवियों, चिमनियों, नालियों शौचालयों,संडासों, मूत्रालयों और मलकूप की स्थिति, वायु के निर्वाध संचरण को सुनिश्चित करने, आगे लगने की रोकथाम के लिये भवन के चारों ओर छोड़ा जाने वाला स्थान, मंजिलों की संख्या अन्य ऐसे विषय जिससे सतायन या स्वच्छता पर प्रभाव पड़ता हो, भवन के बाहर ग्रीन एरिया के अनुपालन, रेनवाटर, हार्वेस्टिंग इत्यादि के सम्बन्ध में यथाशक्य विचार किया जायेगा। विशेष ध्यान रखा जायेगा कि भवन में आगन या वाटिका के लिए कुछ भूमि खाली छोड़े जाये खाली भूमि के क्षेत्र का निर्धारण मौके की स्थिति को ध्यान में रखकर किया जायेगा। तदुपरान्त मानचित्र हेतु स्वीकृत अध्यक्ष/अधिषासी अधिकारी द्वारा प्रदान की जायेगी।

12– यदि मानचित्र अस्वीकृत किया जाता है तो पालिका द्वारा कारणों को दर्शाते हुए आपत्तियों को दुरुस्त करने की अपेक्षा की जा सकती है। तदुपरान्त पनुः आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जायेगा।

13– आर्किटेक्ट के लिए रु0 10,000.00 (दस हजार रुपया) वार्षिक शुल्क लेकर लाईसेन्स दिया जा सकता है। लाइसेन्स की अवधि 1 अपैल से 31 मार्च होगी। लाईसेन्स जारी होने के उपरान्त अन्य आर्किटेक्ट से बनाया हुआ मानचित्र अवैध करार दिया जा सकता है–

(1) यदि कोई लाईसेन्स शुदा आर्किटेक्ट नहीं है तो नक्शा किसी भी योग्यता प्राप्त आर्किटेक्ट से बनवाया जा सकता है।

(2) आवेदक के मानचित्र को तैयार कराने का दायित्व नगर पंचायत का नहीं होगा।

14– किसी सड़क या भूमि के ऊपर अपनी जगह में कोई दरवाजा, खिड़की, नाली अनुमति लेकर ही बनायी जायेगी।

15– भवन का निर्माण किसी भी कारण से नगर पंचायत की नाली/नाले/सड़क को आच्छादित नहीं करेगा।

(1) भवन के सामने के नाले को यथासम्भव लोहे का चलायमान जाल डालकर आवागमन योग्य किया जा सकता है, ताकि नाले/नालियों की सफाई में कोई बाधा न उत्पन्न हो। नाले/नालियों/सड़क के आच्छादन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिये रु0 2,000.00 एवं अग्रेतर उल्लंघन की स्थिति में रु0 200.00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।

(2) कोई भी भवन निर्माण सरकारी सड़क से या नाली के बाहरी किनारे से 2 फुट भूमि को छोड़कर किया जायेगा तथा गलियों में 1 फुट भूमि छोड़कर निर्माण किया जायेगा।

16– भवन निर्माण कार्य आरम्भ करने पर भवन स्वामी द्वारा नगर पंचायत को यह सूचना दी जायेगी कि कार्य आरम्भ कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा किये जाने का प्रमाण-पत्र अवश्य प्रस्तुत करना होगा। यह प्रस्तावित भवन तब तक पूर्णरूपेण या अंशतया अध्यासित नहीं किया जायेगा, जब तक कि पालिका इस आषय का प्रमाण-पत्र जारी न कर दे।

17– संदर्भित भवन का निर्माण अनुज्ञापित तकनीकी व्यक्ति के पर्यवेक्षण में कराया जायेगा। निर्माण निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के लिये आवेदक पूर्णरूपेण उत्तरदायी होगा।

18– कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली में पालिका की स्वीकृति के बिना नाली, फर्ष का निर्माण नहीं करेगा और न ही कोई फर्श या नाली तोड़ेगा या उसमें परिवर्तन करेगा। उल्लंघन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिये रु0 2,00.00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।

19– कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण नहीं करेगा। इसके लिए नियमानुसार कार्य आरम्भ करने से पूर्व अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। स्वीकृति प्रदान करने के उपरान्त भी यदि पालिका को यह विश्वास करने का कारण हो कि उक्त भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो दी गई अनुमति समाप्त की जा सकती है।

20– भवन निर्माणकर्ता कार्य समाप्त कर सड़क पर पड़ा मैटरियल/मलवा आदि साफ करायेगा और गढ्ढे आदि भरवायेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली/नाला/नाली में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन के मलबे का भण्डारण नहीं करेगा। यदि पालिका को यह विश्वास करने का कारण हो कि उक्त भवन के मलबे के सड़क/नाली/नाले में भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक आवागमन/जल निकासी में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो पालिका उसे 24 घण्टे में हटाने की अपेक्षा व्यक्ति से कर सकती है और उल्लघन की स्थिति में अर्थदण्ड आरोपित कर सकती है।

21– यदि कोई निर्माण स्वीकृति प्राप्त किये बिना किया जाता है, तो अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वतः संज्ञान लेने पर या आवेदक द्वारा निर्माण के पश्चात स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करने पर यदि वह निर्माण इस उपविधि के अन्तर्गत दी गई शर्तों के अनुरूप बनाया गया है तो उसको स्वीकृति भी दी जा सकती है। ऐसी स्वीकृति के लिए निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त 20 गुना अर्थदण्ड अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने विवेकानुसार किया जा सकता है।

22– नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 212(क) के प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पंचायत की सीमा के बाहर से 5 कि0मी0 की दूरी तक समस्त भवन, मार्ग या नाली के निर्माण इस उपविधि से नियंत्रित या विनियमित होंगे अर्थात यह उपविधि सीमा के बाहर 5 कि0मी0 की दूरी तक प्रभावी होगी।

23– स्वीकृति के लिए निम्नलिखित शुल्क अग्रिम देय होगा।

अनुसूची

क्रम स0	स्वीकृत योग्य मर्दे	दरे
1	2	3
		रुपये–
01	मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना-पत्र का शुल्क	500.00
02	आवासीय भवन/कॉलोनी प्लान निर्माण/पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन के लिए दर	50.00 प्रति वर्ग मीटर।
03	व्यवसायिक एवं आवासीय तथा केवल व्यवसायिक/वाणिज्यिक/व्यापारिक प्रतिष्ठानों के भवन/कॉलोनी प्लान के निर्माण/पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन के लिए दर	200.00 प्रति वर्ग मीटर।
04	बहुमंजिला आवासीय बिल्डिंग काम्प्लेक्स	500.00 प्रति वर्ग मीटर।
05	बहुमंजिला व्यवसायिक बिल्डिंग काम्प्लेक्स	1,000.00 प्रति वर्ग मीटर।
06	खिडकी, दरवाजे, नाली आदि के निर्माण के लिए	500.00 प्रति
07	अवधि बढाये जाने के लिए प्रार्थना-पत्र का शुल्क	500.00
08	छज्जा, बालकनी, चबूतरा के लिए शुल्क	200.00 वर्ग मीटर
09	निर्माण सामग्री सार्वजनिक सड़क के किनारे रखने हेतु शुल्क (प्रति 50 वर्ग फिट पर)	प्रथम 2 दिन निःशुल्क अतिरिक्त प्रति 10 दिन रु0 1,000.00।
10	सड़क व नालियों में भवन का जमा मलवा नगर पंचायत के कार्मियों द्वारा हटाने हेतु शुल्क	5,000.00 एकमुश्त।
11	मात्र दीवार निर्मित कराने हेतु	25.00 प्रति मीटर।

नोट–

(1) प्रत्येक मंजिल का शुल्क अलग-अलग लिया जायेगा।

(2) दरों में प्रतिवर्ष 10 प्रतिषत की बढोत्तरी होगी जो वित्तीय वर्ष के प्रथम अप्रैल से लागू होगी। इन शुल्क बढोत्तरी को पॉच वर्ष पश्चात लागू रखने के लिए नगर पंचायत पुनः विचार कर सकती है।

(3) यदि कोई दुकान, रेस्टोरेन्ट या गोदाम किसी सामाजिक या धार्मिक संस्था के द्वारा बनायी जा रही है तो उसकी फीस, उपरोक्त दरों की 1/2 होगी। मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, गिरजाघर, धर्मशाला या अन्य कोई पूजा गृह जिसमें किराये आदि की व्यवस्था न हो वह निःषुल्क होगा।

(4) भूमिगत तल की अनुमति सामान्यतया नहीं दी जायेगी। अनुमति विषेष परिस्थिति में प्रस्तावित भवन के आसपास के भवनों एवं सार्वजनिक सड़क/नाली की स्थिति को ध्यान में रखकर उपरोक्त भवन श्रेणियों की दरों के 4 गुना दर पर ही दी सकेगी।

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299(1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत डेरवा बाजार निर्देश देती है कि इस उपविधि की किसी भी धारा का उल्लंघन करने पर रु0 1,000.00 तक अर्थदण्ड दिया जायेगा। यदि अपराध प्रथम दोष होने के दिनांक से निरंतर जारी रहा हो तो रु0 25.00 प्रतिदिन अतिरिक्त अर्थदण्ड दिया जायेगा।

कुँवर बहादुर पटेल
अध्यक्ष
नगर पंचायत डेरवा बाजार
प्रतापगढ़।

कार्यालय, नगर पंचायत बुगरासी, जनपद-बुलन्दशहर

01 मई, 2025 ई0

सं0 03/न0पं0बुगरासी/प्रकाशन–नगर पंचायत बुगरासी जनपद-बुलन्दशहर द्वारा अपनी सीमान्तर्गत निवासित व्यक्तियों की सुविधाओं मे अभिवृद्धि, उनके अनुरक्षण और उनके स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-294 व धारा 298(1) व धारा-299 के अधीन ''नगर पंचायत बुगरासी की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने'' के सम्बन्ध में उपविधियों को नगर पंचायत के विशेष संकल्प संख्या-03 दिनांक 01 मई, 2025 के अनुसार अग्रिम कार्यवाही अंतर्गत जनसामान्य एवं प्रभावित होनें वालें व्यक्तियों की आपत्ति एंव सुझाव आमंत्रित करने हेतु राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र 'आज का मुद्दा' दिनांक 13 मई, 2025 (गौतमबुद्ध नगर) के पृष्ठ संख्या-05 पर तथा हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र 'विशाल विश्व मानव' स्याना दिनांक 13 मई, 2025 के पृष्ठ संख्या-02 व 03 पर प्रकाशित किया गया। उक्त प्रकाशन पर नियत अवधि में जनसामान्य/प्रभावित होनें वालें व्यक्तियों की कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई।

उपरोक्त स्थिति में सम्यक विचार विमर्श उपरान्त नगर पंचायत बुगरासी द्वारा सर्वसम्मति से विशेष संकल्प संख्या-02 दिनांक 16 जुलाई, 2025 से सीमान्तर्गत निवासित व्यक्तियों की सुविधाओं में अभिवृद्धि हेतु 'नगर पंचायत बुगरासी' की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने सम्बन्धी उपविधियों का अनुमोदन (पुष्टि कर अंतिम स्वीकृति) किया गया। उक्त उपविधियां दिनांक 01 अप्रैल, 2025 अथवा सरकारी गजट उ0प्र0 में प्रख्यापित किये जाने की दिनांक जो भी बाद में हो, से प्रवृत्त होगी जिसका प्रकाशन उपरोक्त पालिका अधिनियम की धारा-301(2) के अधीन किया जाता है।

उपविधियाँ

1– (1)– यह उपविधियाँ नगर पंचायत बुगरासी, जनपद-बुलन्दशहर की ''नगर पंचायत बुगरासी की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने'' की उपविधि कहलायेगी।

(2)– यह सम्पूर्ण नगर पंचायत बुगरासी क्षेत्र में प्रवृत होंगी।

(3)– यह उपविधि 01 अप्रैल, 2025 अथवा प्रख्यापित किये जानें की दिनांक, (जो भी बाद में हो) से प्रवृत्त होगी।

2– परिभाषायें – विषय-प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होनें पर इस उपविधि में।

(1)– ''अधिनियम'' का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) से है।

(2)– ''अधिशासी अधिकारी'' से तात्पर्य नगर पंचायत बुगरासी के अधिशासी अधिकारी से है।

(3)– ''चेयरपर्सन'' से तात्पर्य नगर पंचायत बुगरासी के चेयरपर्सन/प्रशासनिक अधिकारी से है।

(4)– ''अनुज्ञा'' का अभिप्राय इस उपविधि के अधीन प्रदत्त ''अनुज्ञा'' से है।

(5)– ''वर्ष'' से वित्तीय वर्ष अभिप्रेत है।

(6)– ''अनुज्ञा (लाइसेन्स) अधिकारी'' का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी से है।

(7)– ''निरीक्षक'' का तात्पर्य नगर पंचायत बुगरासी के ऐसे कर्मचारी से है जिसे नगर पंचायत बुगरासी के बोर्ड, अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी द्वारा इस उपविधि के अर्न्तगत निरीक्षण के लिये नियुक्त किया गया हो।

(8)– ''विज्ञापन/प्रचार'' से तात्पर्य नगर पंचायत बुगरासी की सीमा में किसी भी माध्यम से किये जा रहे विज्ञापन/प्रचार से है जिसमें होर्डिंग, बैनर, कटआउट, लोकल टी0वी0 के माध्यम से, ध्वनि विस्तारक यन्त्र से, पम्पलेट/पर्चे चाहें व दीवारों पर चिपकाये जायें अथवा किसी समाचार-पत्र में रखकर बंटवाये जाये, दीवार पेन्टिंग आदि से है परन्तु इसमें किसी व्यक्ति के द्वारा अपनें कार्यस्थल पर अपने कार्यस्थल की सीमा में बोर्ड होर्डिंग दीवार पेन्टिंग लगा अपने प्रतिष्ठान का नाम आदि लिखना शामिल नही है परन्तु अपनें कार्यस्थल की सीमा से बाहर यदि कोई बोर्ड/होर्डिंग आदि लगाया जायेगा तब वह इस परिभाषा में आयेगा।

(9)– ठेके का अर्थ प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य की उस अवधि से है जिसके लिये नियमानुसार प्रकाशन/विज्ञापन करके बोर्ड/प्रभारी अधिकारी के द्वारा नीलाम किया जायेगा।

स्पष्टीकरण– ऐसे शब्दों और पदों को जो इस उपविधि में परिभाषित नही है किन्तु अधिनियम में प्रयुक्त हैं वही अर्थ होंगे जो नगरपालिका अधिनियम, 1916 में उनके लिये दिये गये हैं।

3– नगर पंचायत के द्वारा अपने क्षेत्र में विज्ञापन/प्रचार करने वाले व्यक्ति से विज्ञापन/प्रचार का शुल्क प्राप्त करेगी जो कि निम्न प्रकार लिया जायेगा।

(1)– होर्डिंग/कटआउट से विज्ञापन/प्रचार करने में रु0 5.00 प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये)।

(2)– बैनर से विज्ञापन/प्रचार करने में रु0 2.00 प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये) ।

(3)– ग्लोसाईन बोर्ड से विज्ञापन/प्रचार करने में रु0 10.00 प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये) ।

(4)– दीवार पेन्टिंग से विज्ञापन/प्रचार करने में रु0 2.00 प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये) ।

(5)– 2 वर्ग फुट या बड़े पोस्टर चिपकाकर विज्ञापन/प्रचार करने में रु0 500.00 प्रति सौ पोस्टर ।

(6)– 2 फुट से कम पोस्टर चिपकाकर विज्ञापन/प्रचार करने में रु0 200.00 प्रति सौ पोस्टर ।

(7)– समाचार-पत्र में पर्चे निकलवा कर विज्ञापन/प्रचार करने में रु0 100.00 प्रति हजार ।

(8)– लोकल टी0वी0 पर स्लाईड लगाकर विज्ञापन/प्रचार करने में रु0 500.00 (प्रतिमाह) ।

(9)– ध्वनि विस्तारक यन्त्र से विज्ञापन/प्रचार करने में रु0 100.00 प्रतिदिन ।

उपरोक्त दर नवीनीकरण प्रत्येक वर्ष के मार्च माह में नगर पंचायत की बोर्ड के द्वारा या प्राप्त शासनादेश के अनुसार अधिशासी अधिकारी/चेयरपर्सन/प्रभारी अधिकारी के द्वारा किया जायेगा।

स्पष्टीकरण–

(1)– उपरोक्त के अतिरिक्त यदि किसी अन्य माध्यम से प्रचार/विज्ञापन किया जाता है तब उसका शुल्क निर्धारित करनें का अधिकार नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को होगा।

(2)– उपरोक्त शुल्क केवल विज्ञापन/प्रचार का शुल्क है इसमें विज्ञापन/प्रचार सामग्री को निर्मित करनें का कोई शुल्क नही है उक्त निर्माण का व्यय स्वयं पक्षकार के द्वारा वहन किया जायेगा।

4– नगर पंचायत के द्वारा विज्ञापन/प्रचार की शुल्क वसूली के लिये नियमानुसार प्रकाशन/विज्ञापन आदि करके ठेका छोड़ा जायेगा परन्तु यदि किसी कारण वश नगर पंचायत बोर्ड अथवा प्रभारी अधिकारी ठेका न दे सके तो बोर्ड अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी द्वारा उक्त शुल्क वसूली के लिये किसी कर्मचारी अथवा कर्मचारीयों को नियुक्त किया जा सकता है।

5– ठेके की म्याद अधिकतम एक वर्ष के लिये होगी जो कि प्रत्येक स्थिति में 31 मार्च को समाप्त होगी चाहें किन्ही कारण वश ठेका 1 अप्रैल के स्थान पर कुछ समय पश्चात् ही क्यों ना छोड़ा गया हो इस सम्बन्ध में ठेकेदार को समय के सम्बन्ध में आपत्ति करने का कोई अधिकार ना होगा।

6– ठेकेदार को ठेका लेनें के 15 दिवस के अन्दर शासनादेश के अनुरूप अनुबन्ध का पंजीकरण निर्धारित शुल्क पर करवाया जाना आवश्यक है जिसमें होनें वाले समस्त व्यय को अदा करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी अनुबन्ध का पंजीकरण ना करवाये जाने की स्थिति में ठेका पंजीकरण के लिये निर्धारित की गई समयावधि 15 दिवस समाप्त होनें के पश्चात् स्वतः ही समाप्त हो जायेगा जिसके लिये निरस्तीकरण के किसी आदेश की आवश्यकता नही होगी तथा पुनः ठेका छोड़ने में होने वाली हानि को पूर्व ठेकेदार से वसूल करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा।

7– ठेकेदार ठेके की राशि के 1/4 भाग को ठेका लेते समय ही नगर पंचायत में जमा करेगा तथा शेष 3/4 धनराशि तीन किश्तों में क्रमशः 31 जुलाई, 31 अक्टूबर, 31 जनवरी तक प्रत्येक स्थिति में जमा करेगा नगर पंचायत कार्यालय में जमा करेगा।

8– ठेके की अन्य शर्तें नगर पंचायत के द्वारा निर्धारित की जायेगी।

